सचेतन




# वार्षिक रिपोर्ट

## 2022-23

मुख पृष्ठ पर अंकित फोटोग्राफ

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नारीशाला बालिकाओं द्वारा योग प्रस्तुति

नमस्कार साथियों 🙏



वर्ष 2022-23 की गतिविधियों का ब्यौरा आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है. इस वर्ष जहां एक तरफ हम निर्धारित गतिविधियों को नियमित रूप से कर सके, तो दूसरी ओर अभी तक किये गए प्रयासों का उल्लेखनीय प्रतिफल भी सामने आया और नवीन प्रेरणा का संचार भी हुआ.

राजकीय बालिका गृह व नारीशाला नान्ता कोटा के साथ-साथ राजकीय सम्प्रेषण गृह कोटा, उन्नयन संस्था जयपुर, रक्षम योगशाला, योग मित्र स्टूडियो, कंचनजंगा अपार्टमेंट सोसायटी, गायत्री परिवार कोटा के साथ संस्था द्वारा सहयोग करते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कार्य किया गया.

इस वर्ष विशेष कार्य नारीशाला की बालिकाओं के साथ योग के क्षेत्र में किया गया. नियमित अभ्यास व नेतृत्व के चलते जिला स्तर व राज्य स्तर योग प्रतियोगिताओं में प्रवेश कर अपना स्थान बना सकीं. इसके अतिरिक्त कौशल संवर्धन प्रशिक्षणों की विविधता को भी बनाये रखा गया. इस वर्ष का एक मुख्य आकर्षण एन डी टीवी के 'कुशलता के कदम' नामक कार्यक्रम के अंतर्गत नारीशाला के लिए किये गए प्रयासों के सन्दर्भ में संस्था के कार्यों की सराहना की गयी है, और यह कार्यक्रम का विडियो यू ट्यूब पर भी उपलब्ध है. संस्था की भौतिक गतिविधियों के साथ-साथ वित्तीय स्थिति भी इस रिपोर्ट में आपकी जानकारी व प्रतिक्रिया हेतु संलग्न है.

सचेतन संस्था आप सभी की शुभकामनाओं और स्नेह के साथ अपने उद्देश्यों के प्रति निरंतर समर्पित और दृढ़ता के साथ आगे बढ़ रही है. यह स्नेह बना रहेगा इसी शुभेच्छा के साथ आप सभी का आभार.

पुनः आभार.

प्रभाकर शर्मा
अध्यक्ष
टीम सचेतन

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | हेल्थ एंड वेलनेस: योग सत्र | 1-5 |
| 2 | कौशल प्रशिक्षण | 5-13 |
| 3 | आर्टलैब | 13-15 |
| 4 | सहभागिता | 16 |
| 5 | डॉक्यूमेंटेशन | 16 |
| 6 | सचेतन सदस्य व पदाधिकारी वर्ष 2022-23 | 17 |
| 7 | संस्था सभी का आभार व्यक्त करती है | 18 |
| 8 | सचेतन गतिविधियां वर्ष 2022-23 | 19 |
| 9 | वित्तीय रिपोर्ट वर्ष 2022-23 | 20-21 |

## 1- हेल्थ एंड वेलनेस: योग सत्र


स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्था द्वारा योग व प्राणायाम आधारित निम्न गतिविधियों को सम्पन्न किया गया-


| दिनांक | स्थान/संस्था | गतिविधि | संभागी |
|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल | राजकीय बालिका गृह | समीक्षा कार्यशाला -योग सत्रों पर | योग संभागी |
| 26 अप्रैल | सम्प्रेषण गृह , नयागांव | योग कार्यशाला | 15 बालक |
| 14 -18-20 जून | बालिका गृह | योग दिवस गतिविधि अभ्यास | 25 बालिकाएं |
| 21 जून | सम्प्रेषण गृह, नयागांव | योग दिवस आयोजन | योग सत्र संभागी बालक |
| 21 जून | बालिका गृह | योग दिवस आयोजन | 25 बालिकाएं |
| 7 अगस्त | अकलंक स्कूल | जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता | 12 बालिकाएं |
| 27 अगस्त | रक्षम योगशाला | राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता हेतु तैयारी बैठक | |

मुख्य गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है-

### *योग सत्र समीक्षा कार्यशाला:*

इस योग सत्र समीक्षा कार्यशाला का उद्देश्य यह जानना था कि पिछले वर्ष भर योग के जो सत्र आयोजित हुए , बालिकाओं ने उनमें भाग लिया तो क्या उन्हें उन व्यायामों व आसनों के नाम याद हैं? क्या वे आसन को उसके नाम से पहचान सकती हैं या फिर क्या वे किसी आसन का नाम लेने पर उसको कर सकती हैं ? क्या वे उनके उपयोग बता सकती हैं? उनके पसंद के आसन कौन से हैं? इत्यादि. मूल आशय यही था कि वे योग सत्रों के साथ कितना आत्मसात हो सकी हैं. कार्यशाला में इस मूल्यांकन के लिए कुछ प्रश्न तय किये गए. जो बालिकाएं उत्तर लिख सकती थीं उन्होंने लिखा, जो नहीं लिख सकती थीं उन्होंने चित्र के माध्यम से स्पष्ट किया. कार्यशाला का संचालन डॉ. भारती व योग शिक्षिका निमिषा द्वारा किया गया.





## *सम्प्रेषण गृह कोटा में योग कार्यशाला-*

दिनांक 26 अप्रैल 2022 को नयागांव स्थित राजकीय सम्प्रेषण गृह में भी संस्था द्वारा एक योग कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसका उद्देश्य संस्था के योग शिक्षक श्री मनोहर लाल जी को सम्प्रेषण गृह में स्थापित करना व वहां के बालकों के साथ योग के विषय में, विशेषकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक संवाद स्थापित करना था. कार्यशाला में सम्प्रेषण गृह के अधिकारी श्री अर्पित जैन की अध्यक्षता में बालकों के साथ संवाद किया गया व संस्था वालंटियर रक्षम योगशाला के श्री राकेश सैनी द्वारा कुछ एडवांस आसनों का प्रदर्शन भी किया गया व बालकों को उनका अभ्यास भी कराया गया.

## *अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन*

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बैल्का गृह, नारीनिकेतन , व सम्प्रेषण गृह में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया. **बालिका गृह व नारी निकेतन** में आवासिनियों द्वारा योग नृत्य व अडवांस आसनों का संगीतमय प्रस्तुतीकरण किया गया. इस पूरे कार्यक्रम की संकल्पना में संस्था सचिव डॉ. भारती गौड़ का योग दान था जिसे योग शिक्षक निमिषा कसेरा द्वारा मूर्त रूप प्रदान किया गया. बालिकाओं के साथ नियमित अभ्यास, उनकी वेशभूषा और मेकअप सभी कुछ परंपरागत था. सभी प्रदर्शन लांग साडी में बाँध कर किये गए थे. सभी अतिथियों द्वारा पूरे कार्यक्रम की भरपूर प्रशंसा की गयी व बालिकाओं को प्रोत्साहन प्रदान किया गया. कार्यक्रम का संचालन भारती जी द्वारा किया गया. इस अवसर पर नारी निकेतन अधीक्षक सुश्री अंशुल जी, बालिका गृह अधीक्षक सुश्री आरुषि जी, बाल कल्याण समिति सदस्य श्री विमल चंद जी जैन, आबिद जी, व अन्य सदस्य उपस्थित थे.



*बाल कल्याण समिति सदस्य श्री विमल जैन जी द्वारा उद्बोधन*




*नारी निकेतन अधीक्षक सुश्री अंशुल मेंदिरत्ता जी द्वारा उद्बोधन*



सामूहिक चक्रासन प्रस्तुति

संस्था सदस्य व मित्र के रूप में पीयूष अग्रवाल, राकेश जी, मनोहर जी, निमिषा कसेरा, कोपल पाटनी, योगसंघ से प्रदीप जी, उर्मिला व्यास जी आदि सदस्य उपस्थित थे. इसके साथ ही राजकीय सम्प्रेषण गृह में भी योग दिवस का आयोजन किया गया. सम्प्रेषण गृह के बालकों के साथ संस्था के योग शिक्षक श्री मनोहर लाल जी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया. इस अवसर पर संस्था सदस्य व रक्षम योगशाला से श्री राकेश जी सैनी व डॉ. भारती गौड़ तथा गृह के अधिकारी गण भी उपस्थित रहे. बालकों ने वर्ष भर किये योग अभ्यास  व आसनों का प्रदर्शन तथा मंत्रों का उच्चारण किया.





*राजकीय सम्प्रेषण गृह, नयागांव में योग दिवस आयोजन की झलकियाँ*



## *जिला व राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में भागीदारी:*

राजस्थान योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित कोटा जिला योगासन प्रतियोगिता में राजकीय बालिका गृह से जूनियर /सब-जूनियर वर्ग में 9 (रितिका, लक्ष्मी, आयशा, / आरती, बरखा, बिश्रामी, राजदुलारी, कृष्णा, निकिता) व नारीशाला से सीनियर वर्ग में 3 (रीना, पूनम, रजनी) कुल 12 बालिकाओं द्वारा जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल योगासन वर्ग में भाग लिया गया. इन बालिकाओं की प्रतियोगिता फीस का वहन संस्था द्वारा किया गया व प्रतियोगिता हेतु विशेष मार्गदर्शन व तैयारी की ज़िम्मेदारी भी ली गयी. प्रतियोगिता 7 अगस्त 2022 को अकलंक स्कूल, वसंत विहार में आयोजित हुई थी. प्रतियोगिता में तीन बालिकाओं ने स्थान प्राप्त किया जिसका विवरण निम्नवत है-

| नाम | वर्ग | आसन प्रकार | स्थान | स्तर |
|---|---|---|---|---|
| **रीना** | सीनियर गर्ल्स | ट्रेडिशनल योगासन | द्वितीय (रजत पदक ) | जिला स्तर |
| **रितिका** | सब-जूनियर | ट्रेडिशनल योगासन | द्वितीय (रजत पदक) | जिला स्तर |
| **लक्ष्मी** | सब-जूनियर | ट्रेडिशनल योगासन | तीसरा (कांस्य पदक) | जिला स्तर |



*रितिका आसन प्रदर्शन*




*लक्ष्मी आसन प्रदर्शन*

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सफल रही बालिकाओं को प्रमाणपत्र और मैडल प्रदान किया गया. मैडल वितरण जिला स्तरीय योगासन एसोसिएशन के आयोजक निदेशक श्री प्रदीप शर्मा जी, जिला सचिव श्री राकेश सैनी जी व श्रीमती उर्मिला व्यास जी द्वारा किया गया. इस अवसर पर सचेतन संस्था साथियों के साथ- साथ श्रीमती अंशुल मेहंदीरत्ता अधीक्षक नारीशाला व उषा जी, आरती जी व योग शिक्षक निमिषा कसेरा उपस्थित थे.




*विजेता लक्ष्मी, रितिका व रीना*

*अपने प्रमाण पत्रों के साथ*



*निर्णायक मंडल, सचेतन व*

*नारी निकेतन सदस्यों के साथ*

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के पश्चात् विजेता बालिकाओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खेलने जाना था. रीना व रितिका के सम्बन्ध में अधिकारिक अनुमति के अभाव में उन्हें खेलने नहीं भेजा जा सका था. मात्र एक बालिका लक्ष्मी को आगे भाग लेने की अनुमति मिली. लक्ष्मी ने 23-25 सितम्बर 2022 में बिहानी शिक्षा न्यास ऑडिटोरियम श्री गंगानगर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया. यहाँ भी प्रतियोगिता की फीस संस्था द्वारा वहन की गयी थी. लक्ष्मी के लिए यह पहला मौका था जब वह बालिका गृह से बाहर निकल कर किसी दूसरे शहर में गयी थी, वह भी ट्रेन में बैठ कर. हालांकि, वह इस प्रतियोगिता में कोई स्थान नहीं हासिल कर पायी लेकिन नया सफ़र, ट्रेन में बैठना, नए-नए खिलाड़ियों से मिलना और उनका योगासनों का अचंभित करने वाला प्रदर्शन जैसे न जाने कितने उत्साहित अनुभवों को वह अपने साथ ले कर आयी. उसके लिए यही उपलब्धि थी.

## 2- कौशल प्रशिक्षण

कौशल प्रशिक्षण के अंतर्गत समस्त प्रशिक्षण राजकीय बालिका गृह व नारीशाला की बालिकाओं केलिए ही व पूर्णतया निशुल्क रूप से आयोजित किये गए. कुछ प्रशिक्षण नारीशाला में ही तो कुछ प्रशिक्षण संस्था कार्यालय पर आयोजित किये गए. समस्त सामग्री संस्था द्वारा उपलब्ध करायी गयी. इसके साथ ही इस बार संस्था द्वारा पहली बार फण्ड जुटाने की दृष्टि से कुछ कार्यशालाएं कोटा के आमजन हेतु फीस के साथ आयोजित की गयीं. इसके दो उद्देश्य थे -पहला यह कि अन्य लोगों तक हम व्यक्तिशः संवाद करते हुए अपने कार्य के बारे में बता सकें व उनको भी अपने साथ जोड़ सकें और, दूसरा इसके साथ ही

कुछ फण्ड भी लाया जा सके जिसके लिए कार्यशाला में फीस का प्रावधान रखा गया. कौशल प्रशिक्षण गतिविधियों का विवरण निम्नवत है-

| दिनांक | स्थान/संस्था | गतिविधि | संभागी |
|---|---|---|---|
| 14-17 अप्रैल 2022 | सचेतन कार्यालय | क्राफ्ट कार्यशाला- कढ़ाई, मुडडा कवर बनाना, जूट बुक मार्क्स आदि | 10 बालिकाएं |
| 1 -17 अक्तूबर 2022 | नारीशाला | लिप्पन कार्यशाला, सोप रीसाइक्लिंग व अन्य | नारीशाला बालिकाएं |
| 18 अक्तूबर 2022 | कंचनजंगा अपार्टमेंट | दीपावली प्रदर्शनी | |
| 20 अक्तूबर 2022 | रक्षम योगशाला | दीपावली प्रदर्शनी | |
| 12 नवम्बर 2022 | कंचनजंगा अपार्टमेंट | मक्रेमे कार्यशाला | 7 महिलाएं |
| 14 नवम्बर 2022 | नारीशाला | मक्रेमे कार्यशाला | 5 संभागी |
| 17-19-21 नवम्बर 2022 | बालिका गृह | मक्रेमे कार्यशाला | 12 बालिकाएं |
| 2-3 दिसम्बर 2022 | योग मित्र व रक्षम स्टूडियो | मक्रेमे कार्यशाला | 14 संभागी |
| 13 -17 जनवरी 2023 | नारीशाला | योग मैट बैग सिलना व कढ़ाई | 8 संभागी |

***क्राफ्ट कार्यशाला:***

सचेतन कार्यालय पर आयोजित इस चार दिवसीय कार्यशाला में नारीशाला व बालिका गृह की कुल 10 बालिकाओं/महिलाओं ने भाग लिया. इसमें उनको कढ़ाई, मुडडा कवर, साड़ी कवर बनाना, जूट बुक मार्क्स बनाना, क्रोशिये की हेयर क्लिप्स व पैरों के आभूषण बनाना सिखाया गया. प्रशिक्षण पूर्णतया निशुल्क था व सभी सामग्री संस्था द्वारा उपलब्ध करायी गयी थी. कार्यशाला में भोजन व चाय प्रदान की गयी थी.



*क्राफ्ट कार्यशाला की झलकियाँ*

***दीवाली कार्यशाला:*** संस्था द्वारा दीवाली के अवसर पर लगायी जाने वाली हस्त उत्पाद प्रदर्शनी को ध्यान में रखते हुए 1-17 अक्तूबर तक नारी शाला संभागियों के साथ विभिन्न हस्त शिल्प कार्यशालाओं का आयोजन किया गया. इनमें लिप्पन कार्य, क्रोशिया ड्रीम कैचर, मंडला आर्ट आदि मुख्य विधाएं रहीं. सभी कौशल इस प्रकार से चुने गए थे जिनके आधार पर ऐसे उत्पादों का निर्माण किया जा सके जो आकर्षक हों व लोगों को खरीदने केलिए प्रेरित करें. कार्यशालाओं के कुछ फोटो अवलोकन हेतु निम्नवत हैं-








*लिप्पन कार्यशाला*

***सोप रीसाइक्लिंग कार्यशाला :*** अक्सर साबुन पूरे के पूरे नहीं इस्तेमाल हो पाते हैं, कुछ न कुछ टुकड़ा बाकी रह ही जाता है. इसी प्रकार के बचे हुए टुकड़ों को पुनर उपयोग करने की दृष्टि से उनका लिक्विड सोप में बदलने का प्रयास किया गया. जिसे बाद में बोतलों में भरकर टॉयलेट सोप की तरह काम में लिया गया. इस कार्य में नारीशाला से उषा जी ने बालिकाओं को सिखाने में अपना सहयोग प्रदान किया. कुछ महीनों की मुहीम में साबुन के टुकड़े इकट्ठे किये गए थे. फिर उनको प्रोसेस कर लिक्विड फॉर्म में लाया गया. बनने के बाद उसको काम  में लेना भी जरुरी था, इसलिए उसको हैण्ड वाशिंग सोप की पुरानी बोतलों में भरकर टॉयलेट /बाथरूम में रखा गया. बालिकाओं ने जहां इस प्रक्रिया में उत्साह से भाग लिया वहीं, उनकी प्रतिक्रियाएं भी रोचक थीं कि 'अब साबुन की छोटे से टुकड़े को भी वे वेस्ट नहीं मानेगीं.'




*सोप रीसाइक्लिंग कार्यशाला*

## *स्टिचिंग कार्यशाला: होम फर्निशिंग आइटम्स*





*टेबल रनर व जूट बैग*

## *मैक्रेमे कार्यशाला :*

संस्था द्वारा 4 मैक्रेमे कार्यशालाओं का आयोजन किया गया. ये कार्यशालाएं क्रमशः राजकीय बालिका गृह व नारीशाला, कंचनजंगा सोसाइटी, योग मित्र स्टूडियो व रक्षम कार्यशाला में आयोजित की गयीं. कार्यशाला में सम्बंधित सामग्री किट भी संभागियों को उपलब्ध कराया गया.





*मैक्रेमे कार्यशाला : बालिका गृह , कोटा*



*योग मित्र स्टूडियो*
*के साथ मैक्रमे कार्यशाला में संभागी*

**योग मित्र स्टूडियो,** कोटा में आयोजित कार्यशाला में संभागियों को मैक्रेमे क्राफ्ट सिखाने के साथ-साथ योग प्रशिक्षक सुश्री प्रियंका जी ने सभी को मैडिटेशन अभ्यास भी कराया गया. इस सहभागिता के लिए संस्था योग मित्र स्टूडियो का आभार प्रकट करती है. इसके साथ ही रक्षम योगशाला में भी कार्यशाला का आयोजन किया गया था. एक अन्य कार्यशाला **कंचनजंगा अपार्टमेंट** में आयोजित की गयी थी जहाँ छोटी बालिकाओं से लेकर बुजुर्ग महिलाओं ने इस कार्यशाला में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की व विभिन्न मैक्रेमे उत्पाद बनाना सीखा.



*मैक्रेमे कार्यशाला में संभागी व उनके द्वारा बनाये उत्पाद*

***हस्तनिर्मित उत्पाद व दीपक प्रदर्शनी*:**


त्योहारों की ऊर्जा के साथ यदि तालमेल बिठा लें तो घर आंगन, मन और रिश्ते सब में निखार आ जाता है। संस्था के स्तर पर दिवाली के अवसर पर लगने वाली हमारी ये प्रदर्शनी वर्ष भर के सीखने सिखाने को सबको बताने का अवसर और आगामी प्रशिक्षणों के लिए फंड जुटाने का माध्यम बनती है। हर वर्ष की



तरह इस वर्ष भी संस्था द्वारा दीपावली के अवसर पर बालिका गृह व नारीशाला की बालिकाओं द्वारा सीखे व बनाये गए उत्पादों की बिक्री हेतु एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. प्रदर्शनी कंचनजंगा अपार्टमेन्ट व रक्षम योगशाला -इन दो स्थानों पर क्रमशः 18 व् 20 अक्तूबर को लगायी गयी. स्थानीय निवासियों द्वारा तैयार हस्त उत्पादों जैसे सजावटी सामान व दीपक, लड़ें, बैग्स, डायरी, वाल हैंगिंग और भी बहुत उत्पादों को देखा, सराहा व खरीदा गया.

## 3- आर्टलैब

***बॉडी मूवमेंट एंड डांस वर्कशॉप:*** राजकीय बालिका गृह, कोटा की बालिकाओं के लिए संस्था द्वारा दस दिवसीय नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का संचालन संस्था वालंटियर कोपल पाटनी द्वारा किया गया. यह कोई फ़िल्मी गीतों पर आधारित नृत्य कार्यशाला नहीं थी. बॉडी मूवमेंट के तहत बालिकाओं के साथ विभिन्न खेल, गतिविधियों, समूह कार्यों के माध्यम से कार्य किया गया, जिससे उनकी झिझक खुले व वे अपने को अभिव्यक्त कर सकें.  कार्यशाला के अन्तिम दिनों में एक अखबार लेखन गतिविधि का आयोजन भी किया गया जिसमें बालिकाओं के विभिन्न समूहों द्वारा एक अखबार लिखा जाता व सभी के समक्ष पढ़ने के लिए प्रस्तुत किया जाता.



बालिकाओं द्वारा तैयार अखबार और उनमें प्रस्तुत उनकी रिपोर्टिंग








***संस्था मित्र कोपल पाटनी द्वारा संचालित कार्यशाला की झलकियाँ***

4- ***डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन*** और भारत विकास परिषद के तत्वाधान में आयोजित उत्कर्ष आवासीय शिविर में बच्चों के साथ एक रचनात्मक सत्र आयोजन का अवसर प्राप्त हुआ। तीन प्रश्नों के साथ बातचीत शुरू हुई कि **मुझे क्या करना अच्छा लगता है?, मैं क्या बनना चाहता हूं या चाहती हूं? और जब भी किसी परेशानी में होते हैं या उदास होते हैं तो किससे मदद लेते हैं**? शर्त थी कि उत्तर एक से ज्यादा भी हो सकते हैं, लेकिन शब्द की जगह चित्रात्मक उत्तर देने होंगे। शुरुआती कुछ समय तो वे इस उधेड़बुन में रह गए कि बनाएं कैसे। फिर कुछ सुझाव, कुछ ideas, थोड़ी हिम्मत और थोड़ा उत्साहवर्धन .....बस, फिर क्या था - कितने ही रोचक, बाल सुलभ उत्तर और अनुभव सामने आए । कार्यशाला के अल्प समय में जितना संभव था उतना मंथन प्रेरित कर सके। कुल 45 बच्चों ने कार्यशाला में अपनी सहभागिता दी. कार्यशाला का संचालन डॉ. भारती गौड़ व पीयूष अग्रवाल द्वारा किया गया. संस्था मित्र सुश्री कविता सोनी जी ने अपना सहयोग प्रदान किया.




डॉ. भारती कार्यशाला संभागियों के साथ व संभागियों की चित्रात्मक प्रस्तुतियां

## 4- सहभागिता

- गत वर्ष नारीशाला की एक मूक-बधिर संभागी रीना को **उषा सिलाई स्कूल** की राज्य स्तरीय पार्टनर संस्था **उन्नयन समिति, जयपुर** के साथ सहभागिता करते हुए सिलाई स्कूल हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंजीकरण कराया गया था . उसकी प्रगति को देखते हुए उषा सिलाई स्कूल के माध्यम से NDTV के 'कुशलता के कदम ' कार्यक्रम के तहत डॉक्यूमेंट्री तैयार की गयी जिसमें रीना व नारीशाला के संदर्भ में सचेतन के योगदान के लिए संस्था सचिव डॉ. भारती गौड़ के साक्षात्कार को भी रिकॉर्ड किया गया. यह कार्यक्रम 11 दिसम्बर 2022 को दोपहर 12:30 बजे टेलीकास्ट किया गया. सचेतन वेबसाइट पर इसका यूट्यूब लिंक उपलब्ध है.

https://www.youtube.com/watch?v=_jZyAlMQMuY&t=1s (7:49 – 16:00 Min)




- **कंचनजंगा सोसाइटी, योग मित्र स्टूडियो व रक्षम योगशाला** के साथ मिलकर मैक्रेमे क्राफ्ट की तीन कार्यशालाएं आयोजित की गयीं.
- ***डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन*** और भारत विकास परिषद के तत्वाधान में आयोजित उत्कर्ष आवासीय शिविर में संस्था द्वारा बच्चों के लिए एक रचनात्मक सत्र आयोजन किया.

## 5- डॉक्यूमेंटेशन

इस वर्ष संस्था द्वारा निम्न प्रकाशन कार्य किया गया:

- वार्षिक रिपोर्ट (कार्यक्रम व वित्तीय प्रगति) वर्ष 2021-22
- संस्था वेबसाइट www.sachetansociety.org व फेसबुक पेज का नियमित संधारण

## 6- सचेतन सदस्य व पदाधिकारी  वर्ष 2022-23

संस्था के सदस्यों व पदाधिकारियों की सूची निम्नवत है-

1. श्री प्रभाकर शर्मा (अध्यक्ष )
2. डॉ. भारती गौड़ (सचिव)
3. श्रीमती लीना विजय (कोषाध्यक्ष)
4. श्रीमती सुनीता जैन (सदस्य)
5. श्री शरद चौधरी (सदस्य)
6. श्रीमती मंजु सोनी (सदस्य)
7. श्री अमिताभ बासु (सदस्य)
8. श्री विकास दागुर (सदस्य)
9. श्रीमती सपना (सदस्य)
10. श्रीमती वंदना श्रीमाली (सदस्य)
11. श्रीमती नम्रता (सदस्य)
12. श्री राकेश सैनी (सदस्य)
13. श्री पीयूष अग्रवाल (सदस्य)
14. सुश्री शीतिका पुंज (सदस्य)
15. श्रीमती रेनू सक्सेना (सदस्य)
16. श्री जिया इस्लाम (सदस्य)

## 7- संस्था सभी का आभार व्यक्त करती है

### वित्तीय/ सामग्री सहयोग प्रदान करने वाले

- श्री वी.बी. सक्सेना , बंगलोर
- श्रीमती सपना जी, कोटा
- श्रीमती नम्रता जी कोटा
- श्री एम. डी. गौड़ कोटा
- डॉ. भारती गौड़ , कोटा
- श्रीमती वंदना श्रीमाली
- श्री राकेश मित्तल
- श्रीमती इंस्पायर मैडम, मेघालय
- श्री कृष्ण मोहन टंडन, कोटा

### वालंटियर सहयोग प्रदान करने वाले

- पीयूष अग्रवाल (विभिन्न गतिविधियों में नियमित सहयोग)
- राकेश सैनी (योग सत्रों के आयोजन में)
- प्रियंका महोर -योग मित्र स्टूडियो
- उषा जी नारीशाला, नान्ता (हस्त उत्पाद निर्माण में सहयोग)
- कविता सोनी (शिक्षिका, कोटा)
- ज्योति खुराना- कंचनजंगा अपार्टमेंट (प्रदर्शनी आयोजन में सहयोग)

## 8- सचेतन गतिविधियां  वर्ष 2022-23

| सचेतन गतिविधियां – वर्ष 2022-23 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.** | **दिनांक** | **स्थान/संस्था** | **परियोजना** | **गतिविधि** | **संभागी** | **वालंटियर्स** |
| 1 | 1 अप्रैल | राजकीय बालिका गृह | हेल्थ एंड वैलनेस | समीक्षा कार्यशाला -योग सत्रों पर | योग संभागी | निमिषा , भारती |
| 2 | 14-17 अप्रैल | सचेतन कार्यालय | कौशल प्रशिक्षण | क्राफ्ट कार्यशाला | 10 बालिकाएं | भारती |
| 3 | 26 अप्रैल | सम्प्रेषण गृह , नयागांव | हेल्थ एंड वैलनेस | योग कार्यशाला | 15 बालक | भारती , राकेश , मनोहर लाल |
| 4 | 27 अप्रैल - से प्रारंभ | बालिका गृह | आर्ट लैब | दस दिवसीय नृत्य कार्यशाला | 20 बालिकाएं | कोपल पाटनी |
| 5 | 26-27 मई | गायत्री भवन - DIYA | आर्ट लैब | फैमिली ट्री एवं अन्य गतिविधियाँ | 45 बच्चे | भारती, पीयूष |
| 6 | 14 -18-20 जून | बालिका गृह | हेल्थ एंड वैलनेस | योग दिवस गतिविधि अभ्यास | 25 बालिकाएं | निमिषा, राकेश, भारती |
| 7 | 21 जून | सम्प्रेषण गृह, नयागांव | हेल्थ एंड वैलनेस | योग दिवस आयोजन | 12 संभागी बालक | भारती , राकेश , मनोहर लाल |
| 8 | 21 जून | बालिका गृह | हेल्थ एंड वैलनेस | योग दिवस आयोजन | 25 बालिकाएं | पीयूष, निमिषा |
| 9 | 7 अगस्त | अकलंक स्कूल | हेल्थ एंड वैलनेस | जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता | 12 बालिकाएं | भारती, पियूष |
| 10 | 27 अगस्त | रक्षम योगशाला | हेल्थ एंड वैलनेस | राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता हेतु तैयारी बैठक | | भारती |
| 11 | 1 -17 अक्तूबर | नारीशाला | कौशल प्रशिक्षण | दीपावली प्रदर्शनी हेतु तैयारी | नारीशाला बालिकाएं | भारती |
| 12 | 18 अक्तूबर | कंचनजंगा अपार्टमेंट | कौशल प्रशिक्षण | दीपावली प्रदर्शनी | | भारती, पीयूष |
| 13 | 20 अक्तूबर | रक्षम योगशाला | कौशल प्रशिक्षण | दीपावली प्रदर्शनी | | भारती, पीयूष |
| 14 | 4 नवम्बर | नारीशाला | उन्नयन संस्था के साथ NDTV डॉक्यूमेंट्री हेतु बैठक | | | भारती |
| 15 | 8 नवम्बर | नारीशाला | उन्नयन संस्था के साथ NDTV इंटरव्यू | | | भारती |
| 16 | 12 नवम्बर | कंचनजंगा अपार्टमेंट | कौशल प्रशिक्षण | मक्रेमे कार्यशाला | 7 महिलाएं | भारती, पियूष |
| 17 | 14 नवम्बर | नारीशाला | कौशल प्रशिक्षण | मक्रेमे कार्यशाला | 5 महिलाएं | भारती |
| 18 | 17-19-21 नवम्बर | बालिका गृह | कौशल प्रशिक्षण | मक्रेमे कार्यशाला | 12 बालिका | भारती |
| 19 | 2 दिसम्बर | योग मित्र स्टूडियो | कौशल प्रशिक्षण | मक्रेमे कार्यशाला | 12 संभागी | भारती , पीयूष |
| 20 | 3 दिसम्बर | रक्षम स्टूडियो | कौशल प्रशिक्षण | मक्रेमे कार्यशाला | 2 संभागी | भारती |
| 21 | 13 -17 जनवरी 2023 | नारीशाला | कौशल प्रशिक्षण | योग मैट बैग सिलना व कढ़ाई | 3 संभागी | भारती |

*नोट: उपरोक्त विशिष्ट गतिविधियों के अतिरिक्त नारीशाला/ बालिका गृह की बालिकाओं के साथ वर्ष-पर्यंत प्रशिक्षण उपरांत- अभ्यास कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा.*

# 9- वित्तीय रिपोर्ट वर्ष 2022-23

SACHETAN SOCIETY FOR RESEARCH EDUCATION AND TRAINING

23, SHREEPAD RAILWAY SOCIETY COLONY, BAJRANG NAGAR, KOTA

RECEIPTS & PAYMENT A/C FOR THE YEAR ENDED ON 31-3-2023

| Amount F.Y. 2021-22 | RECEIPTS | Amount F.Y. 2022-23 |
|---|---|---|
| | To Balance b/d | |
| 7,718.00 | (a) Cash balance | 17,170.00 |
| 220,443.00 | (b) Bank Balance | 197,142.00 |
| 11,456.00 | To Other Receipts | 15,702.00 |
| - | To Interest on IT Refund | - |
| 10,000.00 | To Membership Fees | 9,000.00 |
| 178,595.00 | To Donation Received | 28,800.00 |
| - | To IT Refund | - |
| 45,450.00 | To Honorarium received from RSCPS for Yoga | 100,000.00 |
| 3,840.00 | To TDS Payable | 2,400.00 |
| **477,502.00** | **Total Rs.** | **370,214.00** |

| Amount F.Y. 2021-22 | PAYMENT | Amount F.Y. 2022-23 |
|---|---|---|
| 649.00 | By Bank Charges | 649.00 |
| 13,580.00 | By Audit & Legal fees | 8,180.00 |
| 12,288.00 | By Skill Development Training Exp | 3,658.00 |
| 166,595.00 | By COVID Aid | - |
| | **By Art Labs project Exp** | - |
| 5,000.00 | Resource Persons | 3,000.00 |
| | **By SELF Project Exp. (Craft Centre)** | |
| 3,425.00 | Material | 195.00 |
| 4,225.00 | Monitoring & Supervision Exp. | 4,678.00 |
| | **By SELF Project (Open School StudyPproject )** | |
| 3,978.00 | -Education Support | 4,750.00 |
| 53,450.00 | To Honorarium and other exp for Yoga Training | 106,233.00 |
| | To websie Expenses | 6,350.00 |
| | To Stationary Expenses | 150.00 |
| | To TDS paid | 3,840.00 |
| | By Balance C/d | |
| 17,170.00 | (a) Cash Balance | 13,187.00 |
| 197,142.00 | (b) Bank Balance | 215,344.00 |
| **477,502.00** | **Total Rs.** | **370,214.00** |

As per our report of even date annexed

**For: M/s SACHETAN Society for Research Education and Training**

(Prabhakar Sharma) President (Bharti Gaur) Secretary

**For: Jain Neeraj & Co.**

*Chartered Accountants*

(Ritu Bohra) Partner

23079509 BGZ MWT 7595

**Place: Kota**

**Date: 08-08-2023**

SACHETAN SOCIETY FOR RESEARCH EDUCATION AND TRAINING

23, SHREEPAD RAILWAY SOCIETY COLONY, BAJRANG NAGAR, KOTA

BALANCE SHEET AS ON 31-3-2023

| Amount F.Y. 2021-22 | Particulars | | Amount F.Y. 2022-23 |
|---|---|---|---|
| | **Corpus Fund** | | |
| 70,000.00 | Opening Balance | | 70,000.00 |
| | **General Fund:** | | |
| 212,788.00 | Opening Balance | 195,099.00 | |
| (17,689.00) | Less/Add: Deficiet/ Surplus during the year | 15,659.00 | 210,758.00 |
| 3,840.00 | TDS Payable | | 2,400.00 |
| **268,939.00** | **Total Rs.** | | **283,158.00** |

| Amount F.Y. 2021-22 | Particulars | Amount F.Y. 2022-23 |
|---|---|---|
| 54,627.00 | Equipment | 54,627.00 |
| 197,142.00 | State Bank of India A/c | 215,344.00 |
| 17,170.00 | Cash in hand | 13,187.00 |
| **268,939.00** | **Total Rs.** | **283,158.00** |

As per our report of even date annexed

**For: M/s SACHETAN Society for Research Education and Training**

(Prabhakar Sharma) President (Bharti Gaur) Secretary

**For: Jain Neeraj & Co.**

*Chartered Accountants*

(Ritu Bohra) Partner

23079509 BGZ MWT 7595

**Place: Kota**

**Date: 08-08-2023**

## SACHETAN SOCIETY FOR RESEARCH EDUCATION AND TRAINING

23, SHREEPAD RAILWAY SOCIETY COLONY, BAJRANG NAGAR, KOTA

INCOME & EXPENDITURE A/C FOR THE YEAR ENDED ON 31-3-2023

| Amount F.Y. 2021-22 | Particulars | Amount F.Y. 2022-23 | Amount F.Y. 2021-22 | Particulars | Amount F.Y. 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|
| 649.00 | To Bank Charges | 649.00 | 178,595.00 | By Donations Received | 28,800.00 |
| 13,580.00 | To Audit and Legal fees | 8,180.00 | 10,000.00 | By Membership Fees | 9,000.00 |
| 166,595.00 | To COVID Aid given to Needy People | - | 11,456.00 | By Other Receipt | 15,702.00 |
| 12,288.00 | To Skill Development Project Exp | 3,658.00 | 45,450.00 | By Honorarium Received from RSCPS for Yoga | 100,000.00 |
| | **To Art Labs project Exp** | | 17,689.00 | By Excess Of expenditure Over Income | - |
| 5,000.00 | -Resource Persons | 3,000.00 | | | |
| | **To SELF Project (Craft Centre)** | | | | |
| 3,425.00 | - Material | 195.00 | | | |
| 4,225.00 | -Monitoring & Supervision Exp. | 4,678.00 | | | |
| | **To SELF Project (Open School Study project)** | | | | |
| 3,978.00 | -Education Support | 4,750.00 | | | |
| - | To Website Expenses | 6,350.00 | | | |
| - | To Stationary Expenses | 150.00 | | | |
| 53,450.00 | To Honorarium and other exp for Yoga Training | 106,233.00 | | | |
| | To Excess of Income Over Expenditure | 15,659.00 | | | |
| **263,190.00** | **Total Rs.** | **153,502.00** | **263,190.00** | **Total Rs.** | **153,502.00** |

**Place: Kota**
**Date: 08-09-2023**

**For: M/s SACHETAN Society for Research Education and Training**

*(Prabhakar Sharma) President* *(Bharti Gaur) Secretary*

As per our report of even date annexed
**For: Jain Neeraj & Co.**
*Chartered Accountants*

JAIN NEERAJ & CO. M. No. 079509 Firm Reg. No. Chartered Accountants

(Ritu Bohra) Partner

Udin: 23079509BGZMWT7595

# संस्था को सहयोग करें

आप अपनी सहयोग राशि बैंक चेक के माध्यम से हमारे संस्था कार्यालय के पते पर भेज सकते हैं अथवा सीधे ही बैंक ट्रांसफर कर सकते हैं. समस्त डोनेशन आयकर अधिनियम 1961, सेक्शन 80 जी के तहत छूट प्राप्त हैं. समस्त चैक 'Sachetan Society for Research, Education and Training' के नाम पर बनाये जायेंगे. **कार्यालय पता:** सचेतन, 23- श्रीपद, रेलवे सोसायटी कॉलोनी, बजरंग नगर, कोटा (राजस्थान), भारत. पिनकोड 324001.

**नेट बैंकिंग हेतु बैंक विवरण:**

बैंक का नाम- स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया

सिटी शाखा: कोटा (राजस्थान)

बैंक शाखा: एडीबी शाखा

बैंक खाता संख्या: 32852896009

IFSC/RTGS कोड: SBIN 0001838

बैंक पता : स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, एडीबी ब्रांच, स्टेशन रोड, कोटा (राजस्थान), भारत.


sachetan@sbi

कृपया रसीद प्राप्ति के लिए UPI के पश्चात् ट्रांसेक्शन विवरण हमें भेजें

अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.sachetansociety.org व फेसबुक पेज को देख सकते हैं.

अंतिम पृष्ठ पर अंकित फोटोग्राफ

योग मित्र स्टूडियो के साथ की गयी मैक्रेमे कार्यशाला



सचेतन

## Sachetan


Society For
Research, Education and Training
Office:
“Shripada”
23, Railway Society, Bajrang Nager, Kota
(Rajasthan)
PIN-324001
www.sachetansociey.org
FB Page
sachetansociety